
# गर्म धुरे

# Hot Axles

जब किसी कोच या वैगन का कोई जरनल या धुरा इतना गर्म हो जाये कि  उसे गाड़ी से अलग करना पड़े, चाहे वह गाड़ी के प्रारम्भिक स्टेशन पर हो, बीच के स्टेशन पर हो या गन्तव्य स्टेशन पर,  ऐसे जरनल को गर्म धुरा या हॉट एक्सल कहते है।

# रोलर बीयरिंग बाक्स वैगन



# रोलर बीयरिंग गर्म धुरा



# बीयरिंग दो प्रकार के होते हैं

1. प्लेन बीयरिंग
2. रोलर बीयरिंग

# प्लेन बीयरिंग गर्म धुरे के लक्षण

| क्रम सं0 | स्टेज | लक्षण | पहचान |
|---|---|---|---|
| 1. | पहली स्थिति | हथेली के पिछले हिस्से से तुलना करने पर | स्पर्श या छूकर |
| 2. | दूसरी स्थिति | एक्सल ऑयल के जलने की गंध आना | सूंघ कर |
| 3. | तीसरी स्थिति | सीटी की आवाज आना | सुनकर |
| 4. | चतुर्थ स्थिति | आग की लपटे निकलना | देखकर |

# रोलर बीयरिंग गर्म धुरे के लक्षण

1. ग्रीस का पिघल कर चक्के की डिस्क पर छिडकाव
2. ग्रीस के जलने की गंध आना।
3. असामान्य आवाज जैसे सीटी की आवाज या कर्कश खनक ध्वनि का आना।
4. फेस प्लेट का टूटा होना या गायब होना या शक्ल बिगड़ जाना।
5. धुरे का जाम हो जाना एवं पहिए का घिसटना।
6. माल डिब्बे/ट्राली में कम्पन होना।

# गर्म धुरा देखने पर रेल कर्मचारी के कर्तव्य

स0 नियम के अनुसार कोई भी रेल कर्मचारी जब चल रही गाड़ी में गर्म धुरा देखे तो वह यथा शक्ति गाड़ी को रोकने और गाड़ी के कर्मचारियों को सावधान करने के लिये बाध्य होगा।

# गर्म धुरा देखने पर रेल कर्मचारी के कर्तव्य

स्टेशन मास्टर और उसके कर्मचारी आल राइट सिगनल एक्सचेंज करते समय अपने स्टेशन से गुजरने वाली गड़ियों में गर्म धुरों को देखकर गाड़ी को रोकने का प्रबंध करेगें यदि रोका न जा सके तो शीघ्र ही जिस ओर गाड़ी जा रही हो उस ओर के अगले ब्लाक स्टेशन को 000000–0 (छः विराम एक) संकेत देकर सूचित करेगें।

# गर्म धुरा देखने पर रेल कर्मचारी के कर्तव्य

(ख) जिन स्टेशनो पर कंट्रोल हो वहां स्टेशन मास्टर आवश्यक कार्यवाही हेतु कंट्रोल को अवश्य सूचित करेगा।

(ग) जब स्टेशन मास्टर को गाड़ी में गर्म धुरे की सूचना मिले तो वह, जहां तक संभव हो गाड़ी को मेन लाइन पर लेगा। यदि ऐसा करना संभव न हो तो, गाड़ी को लूप लाइन में लेने से पहले प्रथम रोक सिगनल के बाहर रोक देगा और तब उस लूप लाइन में प्रवेश की अनुमति देगा जिसमें उसे लेना है।

# गर्म धुरा देखने पर रेल कर्मचारी के कर्तव्य

गाड़ी जब स्टेशन यार्ड में नियत लाइन पर आकर रुक जाये तो गाड़ी परीक्षण कर्मचारियों (जहाँ है) या लोको पायलट द्वारा गर्म धुरे की जांच करायी जायेगी।

गर्म धुरा बक्सो या धुरे पर पानी नहीं फेंकना चाहिए। जब किसी वाहन का काटना तय कर लिया जाए तो निकटतम गाड़ी परीक्षक को सूचित किया जायेगा जिसमें वाहन का नम्बर और मालिक रेलवे का नाम अवश्य दिया जायेगा और प्रतिलिपि बुकिंग और गन्तव्य स्टेशनों को दी जायेगी।